प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 09.10.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सूक्ष्म पोषक तत्वों वाले चावल की आपूर्ति जारी रखने को दी मंजूरी : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जताया आभार।
2. सपा ने विधानसभा उपचुनाव के लिए 6 सीटों पर उतारे उम्मीदवारः मैनपुरी के करहल से तेजप्रताप यादव और अयोध्या की मिल्कीपुर सीट से अजीत प्रसाद लड़ेंगे चुनाव।
3. 68 जिलों के 728 चकबंदी लेखपालों को कानूनगो के पद पर किया गया पदोन्नत : 2016 से खाली थे पद।
4. प्रदेश के 16 शक्तिपीठों पर नवरात्र की सप्तमी और अष्टमी पर मनाया जा रहा है शक्ति महोत्सव।

और

5. लखनऊ में 21 से 27 नवम्बर के बीच खेले जाएंग इंटरनेशनल मास्टर्स लीग के 6 मैच : सचिन तेंदुलकर और ब्रायन लारा समेत कई दिग्गज खिलाड़ी होंगे शामिल।

—————————

केन्द्र सरकार ने लोगों में खून और पोषक तत्वों की कमी को दूर करने के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत सूक्ष्म पोषक तत्वों वाले चावल की आपूर्ति जारी रखने को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मादी की अध्यक्षता में आज केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह

फैसला लिया गया। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इसे वर्ष 2028 तक जारी रखने का फैसला लिया है। कन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह समावेशी विकास और पोषण सुरक्षा की दिशा में उठाया गया कदम है। बाइट.......

*आज कैबिनेट में फैसला लिया गया कि 2024 से 2028 तक इस प्रोग्राम को चलाया जायेगा और 17082 करोड़ का इसमें इंवेस्टमेंट किया जायेगा। इसका पूरा खर्च केन्द्र सरकार वहन करेगी और इसमें ये इक्सप्रेक्टेशन है कि देश में एनीमिया और माइक्रोन्यूट्रियंट इफेसिएंसी ये दोनों बड़ी प्राबलम्स विशेष करके महिलाओं और वंचित वर्ग में एड्रेस किया जा सके।*

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शारदीय नवरात्रि पर सुपोषित भारत–समृद्ध भारत के संकल्प की सिद्धि को समर्पित केन्द्रीय मंत्रिमंडल के फैसले के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह फैसला एनीमिया मुक्त–कुपोषण मुक्त भारत के स्वप्न को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगा।

इसके अलावा आज केन्द्रीय कैबिनेट ने गुजरात के लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर बनाने को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा मंत्रिमंडल ने राजस्थान और पंजाब के सीमावर्ती इलाकों में 2,280 किलोमीटर सड़क नेटवर्क के विकास का निर्णय भी लिया है।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज बलरामपुर में विकास कार्यों की समीक्षा की। दो दिवसीय दौरे पर बलरामपुर पहुंचे मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक भी की। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन अटल बिहारी बाजपेयी चिकित्सा महाविद्यालय और चिकित्सालय परिसर का निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री आज तुलसीपुर स्थित शक्ति पीठ देवीपाटन मंदिर में रात्रि विश्राम करेंगे और कल सुबह देवीपाटन शक्तिपीठ मंदिर में पूजन अर्चन करेंगे।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एससी एसटी आयोग के पदाधिकारियों से लोगों से संवाद कर योजनाओं का लाभ हर ज़रूरतमंद तक पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने एससी एसटी आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष, उपाध्यक्षों और सदस्य के साथ कल बैठक में यह निर्देश दिए। पेश है एक रिपोर्ट..........

*मुख्यमंत्री ने कहा कि आयोग के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष टीमें बनाकर पहले चरण में मंडल मुख्यालय और दूसरे चरण में जिलों का दौरा कर लोगों से संवाद करें। साथ ही एससी एसटी हॉस्टलों का दौरा कर वहां की साफ–सफाई और अन्य सुविधाओं का निरीक्षण करें। आयोग के पदाधिकारी छात्रों से चर्चा कर उनको मिल रही सुविधाओं का फीडबैक लें। श्री योगी ने निर्देश दिए कि अभ्युदय योजना के तहत छात्रों को मिल रही निःशुल्क कोचिंग का भी आकलन किया जाए। उन्होंने कहा कि मुसहर, थारू, चेरो, सहरिया आदि जनजातियों को जनकल्याणकारी योजनाओं का शत–प्रतिशत लाभ मिले इस दिशा में काम किया जाये। समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।*

————————

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए छह सीटों पर आज उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। सपा अध्यक्ष ने करहल सीट पर तेजप्रताप यादव को उतारा है। अयोध्या की मिल्कीपुर सीट से अयोध्या सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद और कानपुर की सीसामऊ सीट से पूर्व विधायक इरफान सोलंकी की पत्नी नसीम सोलंकी को उम्मीदवार बनाया है। प्रयागराज की फूलपुर सीट से मुस्तफा सिद्दीकी, कटेहरी सीट से शोभावती वर्मा और मझवां सीट से ज्योति बिंद को पार्टी ने चुनाव मैदान में उतारा है।

—————————

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री डॉ0 संजय निषाद आज प्रतापगढ़ में सड़क हादसे में घायल हो गये। हादसा करिहा बाज़ार के पास काफिले की गाड़ियों के आपस में टकराने से हुआ। जिला अस्पताल के चिकित्सक डॉ0 मनोज खत्री ने बताया कि श्री निषाद को दाहिन पैर में मामूली चोट आयी है। बाइट......

*माननीय मंत्री जी को दाहिने घुटने में मामूली चोट आई हुई थी। खरोच टाइप की, थोड़ी सूजन थी, उनका एक्सरे कराया गया, जो कि सामान्य था, उसी के साथ–साथ रूटीन टेस्ट किया गया। मंत्री जी बिल्कुल ठीक–ठाक है कोई फैक्चर नहीं था, कोई घबराने वाली बात नहीं।*

—————————

राज्य सरकार ने 8 साल बाद प्रदेश के प्रतीक्षारत चकबंदी लेखपालों को पदोन्नति दे दी है। प्रदेश के 68 जिलों के 728 चकबंदी लेखपालों को कानूनगो के पद पर पदोन्नत किया गया है। 2016 से प्रदेश के विभिन्न जिलों में कानूनगा के कई पद रिक्त चल रहे थे, जिसके कारण भूमि से जुड़े विवादों को निपटाने में देरी हो रही थी। पदोन्नति प्रक्रिया में बरेली जिले में सबसे अधिक 60 चकबंदी लेखपालों को, कानूनगो बनाया गया है।

—————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————————

प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने आज आगामी त्योहारों को देखते हुए सभी मण्डलायुक्तों, जिलाधिकारियों और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। वीडियो कांफ्रेसिंग

के माध्यम से हुई बैठक में अधिकारियों को कानून व्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्देश दिये गए। मुख्य सचिव न निर्देश दिए कि प्रदेश में किसी भी स्थिति में साम्प्रदायिक सौहार्द बिगड़ने ना दिया जाए। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों की अगुवाई में अलग अलग फोर्स के साथ ज्वाइंट पेट्रोलिंग की जाये। उन्होंने सोशल मीडिया पर लगातार नजर रखने के निर्देश भी दिए। वहीं प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कहा कि भीड़–भाड़ वाली जगहों की ड्रोन से लगातार मॉनीटरिंग की जाये।

————————

मिशन शक्ति अभियान के तहत प्रदेश सरकार द्वारा राज्य के 16 शक्तिपीठों पर नवरात्र की सप्तमी और अष्टमी पर शक्ति महोत्सव मनाया जा रहा है। संस्कृति विभाग ने इस संबंध में सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। महोत्सव के तहत  प्रदेश के कलाकार कुंभ और नवदुर्गा के प्रसंगों पर आधारित कार्यक्रम कर रह हैं। पेश है एक रिपोर्ट............

*प्रदेश के 16 शक्तिपीठों में महिलाओं के सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन पर जोर देते हुए शक्ति महोत्सव मनाया जा रहा है। प्रदेश के मां पाटेश्वरी मंदिर देवीपाटन, शीतला माता मंदिर मैनपुरी, मां वैष्णो देवी मंदिर फिरोजाबाद, मां काली माता मंदिर झांसी, मां कात्यायनी शक्तिपीठ वृंदावन मथुरा, अलोपी देवी शक्तिपीठ प्रयागराज, मां विंध्यवासिनी शक्तिपीठ मंदिर विंध्याचल, नैमिषारण्य प्रभास्थली नैमिषधाम सीतापुर, गोरखनाथ मंदिरगोरखपुर, शीतला चौकियाधाम जौनपुर, देवबंद मां त्रिपुर बाला सुंदरीशक्तिपीठ सहारनपुर, कूड़ाधाम फतेहपुर, दुर्गा मंदिर वाराणसी, बड़ी देवकालीमंदिर अयोध्या, खत्री पहाड़ विंध्यवासिनी मंदिर बांदा, मां चंद्रिकादेवी*

*मंदिर लखनऊ, कालीबाड़ी मंदिर लखनऊ, रामगिरि शक्तिपीठ चित्रकूट में आयोजन हो रहे हैं। मुमताज अली आकाशवाणी समाचार लखनऊ।*

————————

**देव दीपावली पर इस बार काशी के घाट 12 लाख दीपों से जगमगाएंगे। विश्व प्रसिद्ध काशी की देव दीपावली 15 नवंबर को मनाई जाएगी। वाराणसी पर्यटन विभाग के उपनिदेशक आर के रावत ने बताया कि इस वर्ष वोकल फॉर लोकल के तहत काशी के घाटों पर जगमगाने वाले दिए। स्थानीय लोगों और महिला स्वयं सहायता समूहों से लिए जाएंगे। बाइट.......**

*इस बार हम इंटरनेशनल लेजर शो, इंटरनेशनल फायर क्रैकर शो करायेंगे। इसके अलावा 12 लाख दीपक जो घाटों पर सजेंगे। इस बार जन सहभागिता का बड़ा योगदान रहेगा, बड़ी संख्या में लोगों को शामिल करते हुए बहुत सारे एंजियों, बहुत सारे सोसायटी जो घाटों पर अपनी समितिया है, इसके अलावा लोगों का उसमें सहयोग रहेंगे और इस बार करीब 12 लाख दीपक होंगे, तीन लाख के आसपास गाय के गोबर के बने हुए जो श्रम सहायता समूह बनाती है उनके माध्यम से लेकर बनायेंगे।*

————————

**लखनऊ के अटल बिहारी बाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में 21 से 27 नवम्बर के बीच इंटरनेशनल मास्टर्स लीग के 6 मैच खेले जाएंगे। इस लीग में सचिन तेंदुलकर, ब्रायन लारा, कुमार संगकारा ,शेन वॉटसन जैसे दिग्गज खिलाड़ी अपना हुनर दिखाएंगे। लीग की शुरुआत 17 नवम्बर को मुंबई में होगी और फाइनल मैच 8 दिसम्बर को रायपुर में खेला जाएगा। टी 20 फार्मेट में होने वाले इस**

लीग में लखनऊ में पहला मैच भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला जाएगा।

(समाप्त)